## खबर संक्षेप



### गांजा तस्करी करते युवक को पुलिस ने पकड़ा

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने गांधीगंज निवासी युवक को गांजा की तस्करी करते गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 1.340 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 14 हजार रुपए बताई जा रही है। कार्यवाही थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार 6 नवंबर को पुलिस टीम गिरजा घाट मैदान क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी झाड़ियों के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस को देख वह घबराने लगा और अपने हाथ में लिए थैले को छिपाने का प्रयास करने लगा। जब पुलिस ने पूछताछ की, तो उसने अपना नाम गोलू उर्फ गौरव निषाद पिता स्व. भगवानदास निषाद (28 वर्ष), निवासी गांधीगंज प्रेस गली कटनी बताया। थैला खोलने पर उसमें गांजा बरामद हुआ, जिसे तौलने पर 1.340 किलो पाया गया। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि गोलू निषाद एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ पहले से ही 10 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं.जिनमें मारपीट, अवैध वसूली, अवैध शस्त्र व शराब कारोबार से जुड़े मामले शामिल हैं।

### जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आज

**कटनी।** जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा एवं अनुश्रवण किये जाने हेतु शुक्रवार 7 नवंबर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित पूर्ण, प्रगतिरत एवं अप्रारम्भ योजनाओं, की समीक्षा, योजनाओं के हस्तांतरण पर चर्चा एवं शासन द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत दिए गए निर्देशो के परिपालन में चर्चा की जायेगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री ने जिला पंचायत सीईओ एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति के उपाध्यक्ष, वन मण्डलाधिकारी, म.प्र. पूर्व क्षेत्रीय वि.वि.लि. के अधीक्षण यंत्री, जिला चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग, जिला कृषि अधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग और कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### कक्षा तीन से आठ के अर्द्ध वार्षिक मूल्यांकन 24 से

**कटनी।** प्रदेश की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय (अनुदान प्राप्त व गैर अनुदान प्राप्त) शालाओं एवं डाइस कोड प्राप्त मदरसों हेतु कक्षा 3 से 8 तक के अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन 24 नवंबर से 29 नवंबर तक कराए जाएंगे। कक्षा पांचवी एवं आठवीं के अर्द्ध वार्षिक मूल्यांकन हेतु प्रश्न पत्रों का निर्माण 30 अक्टूबर 2025 तक पढ़ाई गई पठन सामग्री के आधार पर किया जाएगा। अशासकीय शालाओं में कक्षा 5 व 8 के प्रश्न पत्र राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्धारित ब्लूप्रिंट अनुसार शाला स्तर पर ही निर्मित किए जाएंगे। वार्षिक परीक्षा परिणाम में अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन के विषय वार प्राप्तांको का अधिभार 20 अंक रहेगा। शेष कक्षाओं कक्षा 1 से 4, 6 व 7 में अर्द्ध वार्षिक मूल्यांकन का आयोजन अशासकीय शालाओं द्वारा अपनी सुविधा अनुसार कराया जा सकता है। शासकीय शालाओं में प्रश्न पत्र व मूल्यांकन सामग्री राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिला शिक्षा केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी तथा समस्त शासकीय शालाओं में कक्षा 1 व 2 में हिंदी गणित अंग्रेजी में एफएलएन आधारित आवधिक आकलन प्रक्रिया अनुसार विषय वार किए जाएंगे।

---

स्लीमनाबाद क्षेत्र का मामला, समूह की महिलाओं से ऋण वसूली का कार्य करते थे कर्मचारी

# फायनेंस बैंक में 12 लाख रूपए का गबन 5 कर्मचारियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

समूह की महिलाओं से ऋण की राशि वसूलकर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने ऐसा व्यूह रचा कि लाखों के वारे न्यारे कर दिये। मामले की शिकायत पुलिस तक पहुंची, पुलिस ने तहकीकात शुरू की और राशि का गबन करने वाले कंपनी के कर्मचारियों को दबोच लिया। अब कर्मचारी सलाखों के पीछे पहुंच गए है। मामला स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र है। स्लीमनाबाद स्थित स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड में कार्यरत पाँच कर्मचारियों ने महिला समूहों से वसूली गई 12 लाख से अधिक की रकम हड़प ली।



### शाखा प्रबंधक ने की शिकायत

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शाखा प्रबंधक राम प्रसाद बर्मन पिता केदार प्रसाद बर्मन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि संस्था में कार्यरत उनके ही पाँच कर्मचारियों ने समूह की महिलाओं से वसूली गई ऋण किस्तों की रकम बैंक में जमा नहीं की, बल्कि अमानत में खयानत कर रकम को निजी उपयोग में ले लिया। रकम की कुल मात्रा 12,09,136 बताई गई है।

### इन पाँच कर्मचारियों को पकड़ा

शिकायत पर थाना स्लीमनाबाद में अपराध क्रमांक 583/25 धारा 318(4), 316(5), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने जांच शुरू करते हुए कंपनी के पांच कर्मचारियों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने जिन पांच कर्मचारियों को पकड़ा है उनमें 1. तेजीलाल चौधरी पिता कुवरलाल चौधरी वार्ड क्रमांक 10 ग्राम अतरिया, तहसील ढीमखेड़ा, 2. अंकित भुजवा पिता संतोष भुजवा ग्राम इटमा, जिला सतना 3. सुदीप सिंह पिता सुग्रीव सिंह ठेकहा, जिला रीवा 4. गजेंद्र हंगार पिता अरुण हंगार ग्राम विसानी, थाना शाहनगर, जिला पन्ना 5. पुष्पेंद्र पटेल पिता बालगोविंद पटेल ग्राम इटमा, जिला सतना शामिल हैं।

### किश्त वसूली करते थे कर्मचारी

पुलिस ने जिन कर्मचारियों को पकड़ा है वे सभी संस्था में बतौर फील्ड कर्मचारी कार्यरत थे और महिलाओं से ऋण की किश्त वसूली कर बैंक में जमा कराने की जिम्मेदारी निभा रहे थे लेकिन इन सबने भरोसे की चादर ओढ़कर धोखाधड़ी की साजिश रची और रकम हड़प ली। पुलिस ने सभी आरोपितों को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय कटनी में पेश किया गया, जहाँ से सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल कटनी भेज दिया गया। क्षेत्र में इस बात की चर्चा रही कि जब कर्मचारी ही बेईमानी करने लगे तो किसके ऊपर भरोसा किया जाए।

### कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

इस मामले की विवेचना में उप निरीक्षक किशोर द्विवेदी, उप निरीक्षक अनिल यादव, सहायक उप निरीक्षक जुबेर अली, प्रधान आरक्षक तेजप्रकाश, प्रधान आरक्षक यूसुफ अली, आरक्षक अभिषेक राजावत, सौरभ पटेल, रोहित पाटकर, आशीष, अजय साकेत और साइबर सेल के आरक्षक अमित श्रीपाल की अहम भूमिका रही। टीम ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए आरोपियों के ठिकाने का पता लगाया और उन्हें दबोच लिया।

---



# शार्ट फिल्म के माध्यम से दी गई सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

पुलिस द्वारा स्कूलों में छात्र - छात्राओं को महिला सुरक्षा, बाल विवाह, पास्को एक्ट, सायबर अपराध एवं सामाजिक दुष्प्रवृत्तियों से बचाव हेतु जागरूक किया जाहा हैं। अभियान के तहत कस्तूरबा गाँधी बालिका छात्रावास स्लीमनाबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन के द्वारा छात्राओं को गुड टच – बैड टच की जानकारी दी गई एवं 'कोमल' शॉर्ट फिल्म के माध्यम से सुरक्षा संबंधी व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम, सायबर अपराध, सोशल मीडिया पर अनुचित सामग्री साझा करने के दुष्परिणाम एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया गया।

बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या या शोषण की स्थिति में डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1090 तथा बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 पर तत्काल संपर्क करने की जानकारी दी। साथ ही थाना प्रभारी ने छात्राओं को जागरूक करते हुये कहा कि जब भी आपके साथ कोई किसी भी प्रकार की घटना के लिए दुस्साहस करता है तो तत्काल विरोध करें।यदि रास्ते मे,बाजार मे वाहन मैं कोई छेड़छाड़ करता है तो तत्काल शोर मचाये, आसपास के लोगो को बताये।घटना को दबाए नही ताकि समय रहते उनके नापाक हौसलों को पस्त किया जा सके।

---

बड़वारा पुलिस ने की कार्यवाही, सस्ते दामों में बेचते थे चोरी का डीजल

# वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को किया गिरफ्तार, वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा पुलिस ने अंतरजिला स्तर पर डीजल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। यह कार्यवाही वरिष्ठी पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई।

पुलिस के अनुसार 04.11.2025 को फरियादी अजीत यादव पिता छोटेलाल यादव 26 साल निवासी नन्हवारा सेझा शिकायत दर्ज कराई कि वह ड्राईवरी का काम करता है। दिनांक 03/11/25 को मेट्रक क्र. एमपी 21 एच 1111 को लेकर गोटउदे माईंस से पत्थर लेकर ग्राम नन्हवारा सेझा माँ शारदा फैक्ट्री मे खाली करने करीब रात 1/40 बजे आया था रात अधिक हो जाने से माँ शारदा फैक्ट्री का गेट बन्द हो जाने से गाडी अन्दर जाकर खाली नही हो पाई थी इस कारण मैं अपना ट्रक माँ शारदा फैक्ट्री के गेट के सामने खडी कर करीब रात 02/00 बजे अन्दर सो गया था। जब मै सुबह 06/30 बजे सो कर उठा तो देखा कि मेरे ट्रक के डीजल टैंक की जाली टूटी हुई थी पास मे जाकर देखा तो मेरे ट्रक के डीजल टैंक मे डीजल नही था, कोई अज्ञात चोर रात को डीजल 125 लीटर कीमती 11,500/- रुपये चोरी कर लिया है। शिकायत पर र अपराध धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया। मामले के अज्ञात आरोपी गणों की पूर्व से डीजल चोरी में लिप्त संदेहियों की मुखबिरों एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पता तलास की गई।




जांच पड़ताल में शुभम लोनी पिता राजेश लोनी 23 साल निवासी लोढ़ा थाना कोतवाली उमरिया, 02. आशीष चौधरी पिता रामजीलाल चौधरी 21 साल निवासी ग्राम स्लीमनाबाद थाना स्लीमनाबाद जिला कटनी, तथा लाल सिंह पिता वीरभान सिंह 56 साल निवासी ग्राम अखड़ार थाना चंदिया जिला उमरिया को हिरासत में लेकर पूंछतांछ की गई। आरोपितों ने बताया कि रोड किनारे सुनसान स्थानों पर रात्रि में खड़े वाहनों के डीजल टैंक का लॉक तोड़कर घटना को अजाम देते थे एवं चार पहिया वाहन में ले जाकर आरोपी लाल सिंह निवासी अखड़ार के घर जाकर कम दामों में बेच देते थे। उक्त आरोपीगणों से चोरी गया डीजल एवं चोरी में उपयोग चार पहिया जप्त किया जाकर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया।

---

## अभिनेता आशुतोष राणा पहुंचे कटनी, तैयारियों का लिया जायजा



सिने अभिनेता और पंडित देव प्रभाकर शास्त्री "दद्दाजी" के शिष्य आशुतोष राणा गुरूवार शाम कटनी पहुंचे। उनके आगमन के अवसर पर स्थानीय श्रद्धालुओं और आयोजन समिति के सदस्यों ने स्वागत किया। आशुतोष राणा ने सबसे पहले पूज्य गुरुदेव दद्दा जी की समाधि स्थल का दर्शन किया और श्रद्धा-सुमन अर्पित कर गुरु की दिव्य स्मृति को नमन किया। उन्होंने इस अवसर पर अपने अनुभव साझा किए और शांति एवं भक्ति के वातावरण में उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ समय बिताया। इसके पश्चात अभिनेता ने आगामी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, व्यवस्थाओं की जानकारी ली और समिति को आयोजन को सुचारू और व्यवस्थित बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आशुतोष राणा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल श्रद्धालुओं का आस्था भाव प्रकट होता है, बल्कि स्थानीय सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलता है। आयोजन समिति के पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे, जिन्होंने अभिनेता के मार्गदर्शन और निरीक्षण को महोत्सव की सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

---

# 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कटनी जिले में होने वाले वर्षव्यापी समारोह के प्रथम चरण का शुभारंभ शुक्रवार 7 नवम्बर को नगर निगम ऑडिटोरियम में प्रातः 9 बजे किया जाएगा। यहां राष्ट्रगीत का गायन किया जाएगा। इसके बाद प्रातः 10 बजे नई दिल्ली से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने इन कार्यक्रमों के सम्बन्ध में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये हैं।

### मैराथन दौड़ होगी

नगर निगम ऑडिटोरियम से चांडक चौक तक शुक्रवार को प्रातः 8:15 बजे डी. ए. व्ही. स्कूल, तिलक राष्ट्रीय स्कूल एवं सेक्रेटहार्ड स्कूल के कक्षा 10वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगाँठ को देश भर में 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक आयोजित किया जाएगा। जिले में इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार पूरे वर्ष चलने वाले इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जबकि डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति लिल्हारे सहायक नोडल होंगी। साथ ही इन अधिकारियों को शासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

'वंदे मातरम्' के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए यह वर्षगांठ समारोह 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक व्यापक रूप से आयोजित होगा। पूरे वर्ष इस समारोह को चार प्रमुख चरणों में विभाजित किया जाएगा। प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर 2025 (शुभारंभ), द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस), तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर 2026 (समापन सप्ताह) में व्यापक रूप से आयोजित किया जाएगा।

---



### 26 स्थलों में लगे 85 सीसीटीवी कैमरे

**कटनी।** सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के मार्गदर्शन एवं मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल के सहयोग से "कटनी की सजग दृष्टि" नामक परियोजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के अंतर्गत विधायक निधि से 15 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से शहर के 26 प्रमुख स्थलों पर 85 अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। इन कैमरों की निरंतर निगरानी पुलिस कंट्रोल रूम में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग रूम से की जाएगी। पुलिस की यह तकनीकी पहल शहर के संवेदनशील क्षेत्रों पर सीधी और सतत निगरानी सुनिश्चित करेगी। इसके माध्यम से न केवल अपराध की रोकथाम और अपराधियों की पहचान में मदद मिलेगी, बल्कि न्यायालय में डिजिटल साक्ष्य के रूप में भी यह कैमरे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। "कटनी की सजग दृष्टि" परियोजना का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

---

# कार्य में गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का रखें विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम आयुक्त सुश्री परिहार ने गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक के अन्तर्गत प्रेमनगर खिरहनी क्षेत्र में चल रहे विद्युतीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कार्य में गति लाने और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने स्पष्ट कहा कि हितग्राहियों को सुचारू विद्युत आपूर्ति और प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराना भी हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कार्य में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने की बात भी कही।



निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त नें निर्देशित किया कि शासन मंशानुरूप योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु नवीन योजना के लिए स्थल चयन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाकर प्रस्ताव तैयार किया जावे। उन्होंने प्रेम नगर में निर्मित दुकानों की नीलामी की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी अधिकारियों से ली तथा शेष दुकानों की नीलामी की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करानें के निर्देश दिए।

---

धूमधाम से मनी देव दीवाली, कार्तिक माह का हुआ समापन

# बांके बिहारी भगवान को अर्पित किये 56 भोग, मंदिर में गूंजे भजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

लगत वृंदावन नीको, आली मोह लगत वृंदावन नीको, जिनके हम दासी बेई न मिले, आ जाऊंगी बड़ी भोर दहीरा लेके आ जाउंगी बड़ी भोर, तुलसा महारानी नमो नमो ऐसे एक से बढ़कर एक कार्तिक गीतों की गूंज से स्लीमनाबाद का रसिक बिहारी जू मंदिर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को गुंजायमान हो उठा!ऐसा नजारा तो वैसे पूरे कार्तिक माह देखने को मिला, लेकिन कार्तिक पूर्णिमा पर धार्मिक छठा देखते ही बन रही थी।



कार्तिक पूर्णिमा पर माह भर चले कार्तिक माह अनुष्ठान का कार्तिक व्रतधारी महिलाओं के द्वारा समापन किया। कार्तिक पूर्णिमा के पावन पुनीत अवसर पर बुधवार को ब्रह्मा मुहूर्त मे स्नान कर राधा कृष्ण की पूजा अर्चना के बाद कार्तिक व्रतधारी महिलाओं ने सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर परिसर में आकर्षक झांकी के साथ मंडप सजाया। इस दौरान महिलाएं माता यशोदा के रूप मे सोलह श्रंगार कर अपने -अपने घरों से भोग प्रसाद बनाकर साथ लेकर आई। चौक बनाकर तुलसी रखकर श्रीकृष्ण व भगवान विष्णु की पूजा करते हुए मिष्ठान व पकवान भगवान को 56 भोग अर्पित कर दीपदान करते हुए विश्व कल्याण की कामना की गईं। महिलाओं ने कार्तिक गीत गाये व नृत्य भी किया। कार्तिक माह की समापन बेला पर सभी कार्तिक व्रतधारी महिलाओं ने सामूहिक रूप से एक -दूसरे को तिलक लगाकर उज्ववल भविष्य की कामना की व आरती उतारने के बाद भगवान को बैकुण्ट धाम के लिए विदा किया गया।

पं दिलीप पौराणिक ने बताया कि कई संयोग बनने के चलते कार्तिक माह का विशेष महत्व रहा। गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण को पाने के लिए एक माह तक व्रत रहकर मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की थी। इसके बाद भगवान ने उन्हें दर्शन दिया था और फिर बैकुण्ठ चले गए थे। उसी समय से यह परंपरा चली आ रही है। राधा कृष्ण के प्रति विशेष आस्था रखने वाली महिलाएं पूरे नियम के साथ एक माह तक कार्तिक स्नान व पूजा अर्चना करती है।12 माह में से कार्तिक माह मे भगवान का वास राधा के पास होता है। इस अवसर पर वृन्दा तुलसी का विशेष विधान है।भगवान विष्णु का कार्तिक मास प्रिय माह है, क्योंकि जगतपालन हार श्री हरि विष्णु चार माह की योग निद्रा से जाग्रत होकर सृष्टि का कार्यभार संभालेते है।

कार्तिक पूर्णिमा के एक दिन पहले मंगलवार को बैकुंठ चर्तुदशी पर हरि-हर का मिलन मनाया गया।महिलाओं ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। व्रती महिलांए समूह बनाकर सुबह से ही स्नान कर सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना प्रारंभ की। इस दौरान महिलाएं माता यशोदा के रूप में सोलह श्रंगार कर अपने-अपने घरों से भोग प्रसाद बनाकर साथ लाईं हुई थी। चौक बनाकर तुलसी रखकर श्रीकृष्ण व भगवान विष्णु की पूजा करते हुए मिष्ठान व पकवान भगवान को अर्पित किया।

---

# धान के अवैध परिवहन पर 42514 रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में धान उपार्जन में दलालों, बिचौलियों और व्यापारियों के कुत्सित मंसूबों पर लगाम लगाने हेतु कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर गठित उड़नदस्ता दल ने धान के अवैध परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए व्यापारी से 42 हजार 514 रूपये के दांडिक शुल्क को कार्यालय मे जमा कराया है। संयुक्त संचालक शाहिद खान, भारसाधक एवं एसडीएम कटनी श्री प्रमोद कुमार चतुर्वेदी एवं सचिव कृषि उपज मंडी कटनी श्री किशोर कुमार नरगांवे के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल द्वारा सघन निरीक्षण के दौरान ट्रक क्रमांक यूपी 95 टी 5126 के द्वारा 308.75 क्विंटल धान का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर मंडी की धारा 19(4) के तहत व्यापारी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये दांडिक मंडी शुल्क राशि 31 हजार 261 रूपये, निराश्रित शुल्क राशि 6 हजार 253 रूपये एवं समझौता शुल्क 5 हजार रूपये सहित कुल 42 हजार 514 रूपये मंडी कार्यालय में जमा कराया गया।



इस कार्यवाही में दल प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक सुधीर त्रिपाठी, प्रशांत मौर्य, विकास नारायण मिश्रा शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### एन.के.जे. स्कूल की प्राचार्य को शोकाज नोटिस जारी

**कटनी**। निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 के लिए विधानसभा क्षेत्र मुड़वारा -93 के मतदान केन्द्र क्रमांक 134,135 एवं 149 के अधिकारी,कर्मचारी को निर्वाचन कार्य हेतु मुक्त नहीं करने पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलांबर मिश्रा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,एन.के.जे. कटनी की प्राचार्य श्रीमती रामकुमारी चक्रवर्ती को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्राचार्य श्रीमती चक्रवर्ती को यह नोटिस एस डी एम कटनी श्री प्रमोद कुमार चतुर्वेदी के प्रतिवेदन के आधार पर जारी किया गया है। कारण बताओ नोटिस में उल्लेखित किया गया है कि बीएलओ सुपरवाईजर, और बीएलओ को विशेष गहन पुनरीक्षण -2026 के लिए प्रतिदिन मतदाताओं से सतत संपर्क बनाये रखना है। जिसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा बीएलओ एप्प एवं बीएलओ की आई डी जनरेट की गई है। जिसमें संबंधित कर्मचारी, अधिकारी ही उस मतदान केन्द्र व क्षेत्र में कार्य कर सकता है। इस कार्य के लिए आपके क्षेत्रांतर्गत अधिकारी, कर्मचारी को निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (SIR) के कार्य हेतु विधानसभा क्षेत्र 93-मुडवारा के अंतर्गत बीएलओ मतदान केन्द्र क्रमांक 134,135 एवं 149 के लिए नियुक्त किया गया है। लेकिन आपके द्वारा इन कर्मचारियों को नहीं छोडा जा रहा है। जवाब समय-सीमा एवं संतोषजनक न पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

### भूतपूर्व सैनिकों का किया गया सम्मान



**स्लीमनाबाद**। देश की सेवा कर सेवानिवृत्त हो चुके सैनिकों का सम्मान गुरुवार को ग्राम पंचायत छपरा मे सरपंच सुषमा नीरज गुप्ता ने किया। सरपंच के द्वारा यह नेक पहल कि गईं जिससे ग्राम पंचायत छपरा के सैनिक जो अपनी देश सेवा कर सेवानिवृत्त हो गये उनके सम्मान करने का काम किया। सरपंच के द्वारा भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान माला पहनाकर तिलक लगा किया गया साथ ही शाल व श्रीफल भेंट की गईं। छपरा ग्राम के 37 भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया।

### आलेख गौतम बने करणी सेना के तहसील अध्यक्ष



**स्लीमनाबाद**। जिले में पहली बार राजपूत करणी सेना ने युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए किसी युवा को नेतृत्व के संगठन की जिम्मेदारी सौंपी है। जिला अध्यक्ष करणी सेना ने बहोरीबंद युवा नेतृत्व की ज़िम्मेदारी आलेख सिंह गौतम को सौंपकर युवा संगठन की दायित्व सौंपा है। जिले के अध्यक्ष द्वारा जारी आदेश पत्र में आलेख सिंह गौतम को बहोरीबंद तहसील संगठन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अध्यक्ष बनने पर शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

---

जिपं सीईओ कई ग्राम पंचायतों में पहुंचकर योजनाओं के क्रियान्वयन की टटोली नब्ज

# देश के भौगोलिक केंद्र बिंदु करौंदी स्थल में व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



देश के भौगोलिक केंद्र बिंदु करौंदी स्थल का रखरखाव एवं पर्यटकों हेतु बुनियादी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु तत्परता पूर्वक कार्रवाई करें। प्रावधानों के अनुसार आरोपित शुल्क से ग्राम पंचायत बम्हनी के पोषक ग्राम करौंदी स्थित केंद्र बिंदु में चौकीदार सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त रखा जाए। वाटर शेड परियोजना से निर्मित जल संरचनाओं में जल संरक्षण पर्याप्त मात्रा में हो, कृषकों को सिंचाई हेतु पानी एवं मत्स्य पालन से आर्थिक क्षमता में वृद्धि हो.. ऐसे कार्यों को प्राथमिकता से निगरानी करते हुए कराया जाए। कुछ इस प्रकार के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरन प्रीत कौर ने गुरुवार को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की बम्हनी, उमरिया पान और बरेली रामपुर ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिए।

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने ग्राम पंचायत बम्हनी की आश्रित ग्राम बनेहरा में 10.44 लाख रुपए की लागत से अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने करौंदी ग्राम के रामदीन चौधरी द्वारा निर्मित 4.95 लाख रुपए की लागत से खेत तालाब को देखकर संवाद किया। रामदीन ने चर्चा करते हुए सुश्री कौर को बताया कि खेत तालाब के निर्माण होने से उन्हें सिंचाई करने एवं मत्स्य पालन से आमदनी होने से आर्थिक स्थिति मैं सुधार हुआ है। इस दौरान सुश्री कौर ने ग्राम पंचायत बरेली रामपुर में निर्मित चेक डैम का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए।

#### कस्टम हायरिंग सेंटर में कृषक उत्पादक संघ से चर्चा

जिला पंचायत की सीईओ द्वारा कस्टम हायरिंग सेंटर मढ़ेरा पहुंचकर कृषक उत्पादक संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि चीया सीड का संग्रहण और भंडारण कर उचित समय पर मार्केट में अच्छे दामों में विक्रय करने पर आर्थिक मुनाफा होगा। उन्होंने यह भी बताया कि पोहा प्रोसेसिंग यूनिट हेतु आवश्यक प्रयास किया जा रहे हैं। सुश्री कौर ने कृषकों को उर्वरक की उपलब्धता एवं कस्टमर हायरिंग सेंटर की उपयोगिता सहित विद्युतीकरण कार्य सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

#### विभिन्न निर्माण कार्य देखें

सीईओ ने उमरिया पान में मनरेगा योजना से निर्मित खेल मैदान, अतिरिक्त कक्ष, 15वें वित्त से निर्मित संस्कृतिक भवन एवं अन्य निर्माण एवं विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण कर जायज़ा लिया। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि तकनीकी मानकों का पालन करते हुए गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य कराए जाएं। सुश्री कौर ने उमरिया पान स्थित पुराने स्तंभ को डिस्मेंटल करने विधि संगत तरीके से प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शांति धाम, नाला बंधान, चेकडैम जल गंगा संवर्धन के कार्य, एक बगिया मां के नाम संबंधी कार्यों का भी मुआयना किया। इस दौरान जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---



## जिपं सीईओ बनी अध्यापिका, बच्चों से ली पढ़ाई की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

गुरुवार को जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत ने भ्रमण के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की नब्ज़ टटोलने के साथ-साथ शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। सुश्री कौर ने ग्राम सिमरिया स्कूल की कक्षा चौथी की छात्राओं शबनम, शिवानी और वंदना से सवाल पूछे और पढ़ाई के संबंध में चर्चा की एवं अध्यापिका की भांति पढ़ाया भी। संवाद करते हुए बच्चों ने भी बड़ी बेबाकी से प्रश्नों के उत्तर दिए। विद्यार्थियों की हाजिर जवाबी सुनकर जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने मुक्त कंठ से सराहना करते हुए पीठ थपथपाई। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया।

सीईओ कौर ने इस दौरान उपस्थिति पंजी सहित अन्य शैक्षणिक रजिस्टरों का अवलोकन किया। उन्होंने शाला के शिक्षकों से भी शिक्षा के स्तर को उन्नत करने सार्थक प्रयास करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यही बच्चे कल के स्वर्णिम भारत के भविष्य निर्माता हैं। पढ़ाई की नींव ठोस होगी तो छात्र-छात्राएं अलग-अलग क्षेत्र में अपने स्कूल, समाज और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करेंगे।

#### मध्यान्ह भोजन को परखा

सुश्री कौर ने छात्र-छात्राओं हेतु तैयार किया जा रहे मध्यान्ह भोजन दाल, सब्जी को बाल्टी में चम्मच चलाकर परखा। ओम स्वसहायता समूह द्वारा संचालित मध्यान्ह भोजन को स्वच्छता के साथ बनाए जाने एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु हेतु निर्देशित किया।

इस दौरान जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

---

महापौर एवं निगम अध्यक्ष ने कटाएघाट मेला पहुंचकर लिया जायजा

## खेलकूद प्रतियोगिता में आठ स्कूलों के विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



कटाये घाट मेला के द्वितीय दिवस पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने एकल गायन प्रतियोगिता, खेलकूद मुकाबले और विज्ञान प्रदर्शनी, निबंध प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता और कौशल का प्रदर्शन कर मेले को आकर्षक बनाने में कोई कसर नहीं छोडी। कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने नवाचार और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए, जिनकी सभी ने प्रशंसा की।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा पार्षद साथियों के साथ मेला स्थल पहुंचकर खेलकूद प्रतियोगिता तथा विभिन्न आयोजन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल परंपरा जीवित रहती है, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलता है। मेले में नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी ने भी लोगों को आकर्षित किया। मले के दौरान शाम 7 बजे से संगीतमय श्री कृष्ण रासलीला का आयोजन किया गया। जिसका मेले में उपस्थित आगंतुकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भरपूर आनंद उठाया।

श्री बजरंग कटाये घाट मेले के द्वितीय दिवस गुरुवार को खेलकूद प्रतियोगिता में शहर के आठ विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने हनुमान जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। प्रतियोगिता में सरस्वती स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजय हासिल की, जबकि सी.पी.ए. स्कूल द्वितीय एवं बार्डस्ले शाला तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने उत्साह, खेल भावना और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

---

## उत्कृष्ट विद्यालय में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन



शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में सतगुरु सेवा नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट की टीम के द्वारा छात्र–छात्राओ का नेत्र परीक्षण किया गया। टीम में डॉ राहुल विश्वककर्मा, डा नंद किशोर श्रीवस्तव, अतुल पांडेय शामिल रहे। नेत्र परीक्षण विद्यालय के हेल्थ केयर वी टी अरविंद तिवारी के नेतृत्व एवं प्राचार्य चन्दन सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। यह शिविर 3 दिनों तक संचालित किया जावेगा।कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया द्वारा छात्र–छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सरिता शर्मा, घनश्याम चौधरी ,मोहन निगम ज्ञानेन्द्र हल्दकर, विनोद सिंह, कर्ण सिंह,आरती तिवारी,सीता विश्वकर्मा, सुचिता गुप्ता, महेंद्र नारायण मिश्रा, लाल बहादुर सोनी,संजय कोल , शिवानी यादव,धनंजय यादव, विभा द्विवेदी , अंकिता राठौर, हेमलता जयपुरिया,ओंकार दुबे, अपूर्वा तिवारी, शीला त्रिपाठी, निखिलेष यादव,स्नेहल देहरिया, रश्मि सिंह, आशिका महोबिया,अनिल अरकरे,मनीष विश्वकर्मा, निधि चढ़ार आदि की उपस्थिति रही।

---

## क्रेशर खदानों का संयुक्त निरीक्षण, अवैध परिवहन पर ट्रक किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने बरही तहसील के क्रेशर खदानों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। अधिकारियों के दल ने संयुक्त निरीक्षण में मझगवा, बुजबुजा, करोनदी, बिचपुरा, कन्नौर और आसपास के क्षेत्र में संचालित स्टोन क्रेशरो में खनिज उत्पादन और जमा राजस्व की जांच की । साथ ही खदानों में स्वीकृत सीमा का भी मुआयना किया गया। संचालक खनिज प्रशासन नोबल फ्रेंक और कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा टास्क फोर्स की बैठक में खदानों के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण हेतु दिए निर्देशों के अनुपालन में खनिज और राजस्व अमले द्वारा निरीक्षण किया गया। तहसील बरही अंतर्गत क्रेशर खदानों का संयुक्त रूप से निरीक्षण में मझगवा, बुजबुजा, करोनदी, बिचपुरा, कन्नौर और आसपास के क्षेत्र में संचालित स्टोन क्रेशरो में खनिज उत्पादन और जमा राजस्व की जांच की गई । संबंधित क्रेशर संचालकों को सुरक्षित खनन कार्य करने एवं जल छिड़काव करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण टीम द्वारा ग्राम बुजबुजा के पास पत्थर गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए गए एक ट्रक को जप्त कर पुलिस थाना बरही में सुरक्षित खड़ा कराया गया। निरीक्षण के दौरान में उपसंचालक खनिज आर के दीक्षित,तहसीलदार बरही आदित्य तिवारी और पवन कुशवाहा सहायक खनिज अधिकारी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

बहोरीबंद विकासखंड में 30 हजार हेक्टेयर में होगा कृषि कार्य

## रबी सीजन की फसलों की बोवनी के लिए जुताई कर खेतों को किया जा रहा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स्लीमनाबाद



खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान की कटाई का कार्य चल रहा है साथ ही किसान अब रबी सीजन की तैयारियों मैं जुट गए है।जिन खेतों मे खरीफ सीजन की बोवनी नहीं की गई थी खाली पड़ी थी है वहां किसानों ने खेतों की जुताई शुरू कर दी है जिन किसानों के खरीफ की फसल बोई है वह भी फसल कटने का इंतजार कर रहे है।

वर्तमान मे दलहन फसलों में चना, मसूर की बोवनी भी शुरू हो गई है। कही-कही गेंहूँ की बोवनी भी शुरू हो गईं है। रबी सीजन में बहोरीबंद विकासखण्ड का बोवनी का रकबा कृषि विभाग के द्वारा 30 हजार हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। जिसमें सबसे ज्यादा चना और गेहूं की बोवनी की जाएगी। इसके अलावा शेष रकबा में मसूर, बटरी, अरहर आदि फसलें बोई जाएंगी।इस वर्ष बारिश के कारण खेतो मैं नमी है जिस कारण किसान बिना पलेवा किये भी बोवनी कर सकते है।कई बार समय से पहले बारिश रुक जाने के कारण खेतों की नमी चली जाती है, जिससे किसानों को रुपए खर्च कर सिंचाई करने के बाद बोवनी करनी पड़ती है। इस वर्ष अच्छी बारिश होने के बाद किसान बोवनी की तैयारियों में जुट गए हैं।

इस वर्ष बारिश अच्छी होने के कारण गेहूं का रकबा बढ़ सकता है। क्योंकि गेहूं की फसल को पानी की जरूरत ज्यादा रहती है और जलस्तर अच्छा होने के कारण यह फसल ज्यादा बोई जा सकती है। वर्तमान मे बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र मे 22 हजार हैक्टेयर मैं गेंहू तो चना 5 हजार हैक्टेयर मे बोवनी का लक्ष्य है ।वही किसानों का कहना है कि बारिश ज्यादा होने के कारण चना, मसूर, बटरी में तुषार लग भी लगने की संभावना रहेगी।दलहन फसलों मैं गेंहूँ, चना व सरसो का बीज शासन द्वारा कृषि विभाग को प्राप्त हो चुका है।

#### इनका कहना है

वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बहोरीबंद अमर सिंह ऐमा का कहना है कि रबी सीजन का कृषि कार्य शुरू हो गया है।शासन स्तर से दलहन बीज गेंहूँ, चना, मसूर व सरसों की प्राप्ति हो चुकी है। साथ ही बारिश अच्छी होने के कारण गेहूं का रकबा बढ़ेगा । किसान खेतों को तैयार कर बोवनी कर सकते हैं, क्योंकि खेतों में अभी पर्याप्त नमी है।

---

निगमायुक्त ने योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा- निर्देश

## कर्मचारियों को हिदायतः कार्य में लापरवाही करने पर होगी पेनाल्टी की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



माधव नगर में निर्माणाधीन सीवर ट्रीटमेंट प्लांट -1 के शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्धारित प्लान अनुरूप श्रमिकों एवं आवश्यक संसाधनों की संख्या बढ़ाते हुए कार्य को शीघ्र प्रारंभ कर निर्धारित समयावधि में शेष समस्त कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करावे अन्यथा की स्थिति में पेनाल्टी की कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। उक्त हिदायत निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने गुरुवार को नगर निगम के जलप्रदाय शाखा के माध्यम से संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान पी.डी.एम.सी के ए.आर.ई एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को दी।

समीक्षा बैठक में निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा आगामी 20 दिवस में एस.टी.पी-1 के सिविल वर्क को पूर्ण किए जाने की जानकारी दी गई। जिसपर निगमायुक्त सुश्री परिहार ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य के संबंध में नगर निगम की ओर से किसी भी प्रकार की लेटलतीफी नहीं की गई है। अतः पर्याप्त टीम एवं संसाधन लगाकर एसटीपी का सिविल, मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल आदि का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दिशा में लापरवाही करने पर पेनाल्टी काटते हुए भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने नगर के विभिन्न स्थलों के रोड रेस्टोरेशन कार्य की समीक्षा के दौरान गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि जिन स्थलों में पाईप लाईन विस्तार उपरांत मोटरेबल का कार्य पूर्ण हो चुका हो उक्त स्थलों पर शीघ्रता से रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्रारंभ करें। नगर के मुख्य मार्ग जबलपुर रोड, अमीरगंज, इंड्रस्टियल एरिया सहित अन्य मार्गो में 10 नवंबर तक रेस्टोशन का कार्य गणवत्ता के साथ प्रारंभ किया जाए। निगमायुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि जिन वार्डो में पेयजल सप्लाई की पाइप लाईन के विस्तार का कार्य होना शेष है वहां के रेस्टोरेशन कार्य हेतु आपसी समन्वय से साथ कार्य करें ताकि बार-बार रोड कटिंग न की जाए तथा नागरिकों को आवागमन में भी असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान निगमायुक्त नें पूर्व में नगर के विभिन्न वार्डो में कराये गए रेस्टोरेशन कार्य की जांच कराते हुए खराब गुणवत्ता वाले कार्यों को सूचीबद्ध करते हुए उसका पुनः रेस्टोरेशन कराने हेतु पत्र जारी करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

#### सीवरेज के शेष कार्य का प्रस्तुत करें प्लान

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा सीवरेज हेतु पाईपलाईन विस्तार के शेष कार्य की समीक्षा की जाकर शेष कार्य को पूर्ण कराने की पेंच बाई पेंच प्लानिंग तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त नें कहा कि नागरिकों के सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण मार्ग को बंद कर कार्य न किया जाए। जिन भी स्थलों पर कार्य किया जाना है उन स्थलों का चिन्हांकन पूर्व से किया जाकर नियमानुसार पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं मार्किंग आदि की कार्यवाही कर कार्य करना सुनिश्चित करें। इस दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए निर्माण स्थल के आसपास से किसी भी व्यक्ति अथवा वाहन का आवागमन न हो।

बैठक में निगमायुक्त द्वारा अमृत योजना के तहत वाटर बॉडी रिजूवेशन के तहत मोहन घाट, मसुरहा घाट एवं कटायेघाट में चल रहे विकास कार्यो की जानकारी लेते हुए एक सप्ताह के अंदर निर्माणाधीन स्थलों का निरीक्षण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में नगर में ओवरहैड टैंकों एवं ट्यूबवैलों के माध्यम से की जाने वाली पेयजल सप्लाई कार्य की समीक्षा की जाकर कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं, पानी की टेस्टिंग प्रक्रिया, मेंटेनेंस, पेयजल सप्लाई से संबंधित शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया, जलकर वसूली की स्थिति आदि की जानकारी ली जाकर वसूली कार्य को प्राथमिकता देते के निर्देश निगमायुक्त सुश्री पिरहार नें अधिकारियों को दिए।

---

## प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा गुरुवार को सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित कर संबंधित लेबल अधिकारियों को 50 दिवस एवं ग्रेडिंग की शिकायतों पर गंभीरता से कार्यवाही करते हुए उनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार नें निर्देशित किया कि इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी सभी अधिकारी अपनी शाखाओं के प्रकरणों की रोजाना समीक्षा करना सुनिश्चित करें।

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा सिविल की लंबित शिकायतों पर पर विशेष ध्यान देने के साथ ही भवन अनुज्ञा, स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण, सीवेज, समग्र आई डी, कर्मचारी पेंशन, पेयजल सहित विभिन्न शाखाओं की लंबित प्रकरणों की लेबल वाईज समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को एल-4 की शिकायतों पर विशेष फोकस करते हुए लंबित शिकायतों का गंभीरता से साथ निराकरण कराने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, असिल खरे, अंशुमान सिंह, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, आदेश जैन, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक, सिटी मिशन मैनेजर यश रजक, प्रभारी कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटेल, सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### तत्कालीन प्राचार्य ने व्यवस्थाएं न होने का दिया हवाला

# नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल में अब नहीं होगी 10वीं 12वीं की परीक्षा

## शिक्षा मंडल ने परीक्षा केंद्र किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में बेहतरीन शत प्रतिशत परीक्षाफल को लेकर अपनी पहचान बनाने वाले नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल में अब कक्षा दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा आयोजित नहीं होगी जिसको लेकर संस्था के तत्कालीन जिम्मेदारों पर अपनी मनमानी करने के आरोप अभिभावकों द्वारा लगाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नगर में नवीन हाई स्कूल की स्थापना वर्ष 1997 में हुई थी इसके उपरांत वर्ष 2001-02 में कक्षा दसवीं का परीक्षा केंद्र बनाया गया था वहीं वर्ष 2011-12 हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन किया गया एवं तत्कालीन विधायक उमा देवी खटीक द्वारा नए भवन की सौगात प्रदान की गई थी। जिसमें वर्ष 2022 से कक्षाएं संचालित की जा रही है एवं निरंतर हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी की परीक्षा संपन्न कराई जा रही है।लेकिन गौर करने वाली बात है कि जहां पर्याप्त फर्नीचर एवं बैठने की व्यवस्था है एवं लगभग 550 विद्यार्थी अध्यनरत हैं लेकिन इसके बावजूद भी तत्कालीन प्राचार्य द्वारा स्कूल में पर्याप्त व्यवस्थाएं न होने का हवाला देकर हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी का परीक्षा केंद्र निरस्त किए जाने की कार्यवाही शिक्षा मंडल को भेजी गई एवं शिक्षा विभाग की निरीक्षण टीम द्वारा भी जांच पड़ताल की गई जिससे बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा नवीन हायर सेकेंडरी का परीक्षा केंद्र निरस्त कर दिया गया जिससे अब इस स्कूल में होने वाली परीक्षा एमएलबी स्कूल में आयोजित होगी। जबकि नवीन



भवन में व्यवस्थित सात कमरे एवं पुराने भवन में चार कमरे बने हुए हैं जहां पर कक्षाएं संचालित की जाती हैं एवं फर्नीचर एवं अन्य व्यवस्थाएं भी पर्याप्त है लेकिन इसके बावजूद भी निरीक्षण टीम द्वारा क्या निरीक्षण किया गया यह समझ से परेय हैं।

### अजाक्स संघ ने किया विरोध

नवीन हायर सेकंडरी स्कूल हटा का परीक्षा केंद्र निरस्त किए जाने पर अजाक्स संघ के जिला अध्यक्ष मुरारीलाल अहिरवार द्वारा कलेक्टर दमोह को पत्र देकर परीक्षा केंद्र निरस्त न किए जाने की मांग भी की गई थी लेकिन शिक्षा मंडल द्वारा तत्कालीन प्राचार्य एवं निरक्षण टीम द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही के चलते परीक्षा केंद्र को निरस्त किया गया। वहीं इस संबंध में विधायक उमादेवी का कहना है कि नवनी हाई सेकेंडरी स्कूल से परीक्षा केंद्र निरस्त किया जाना गलत है इस संबंध में हम सीख भी कलेक्टर व शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बात कर परीक्षा केंद्र बनाए जाने का पूर्ण प्रयास करेंगे।

# ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाएं होंगी और बेहतर- विधायक

## अभाना में 1.59 करोड़ की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दमोह विधानसभा के अभाना में 1 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत से बने नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया और विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल रहीं। अतिथियों ने फीता काटकर भवन का शुभारंभ किया और मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर अस्पताल को जनता को समर्पित किया। नवनिर्मित 8 बिस्तरों वाले इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मेटरनिटी कक्ष, वार्ड, प्रतीक्षालय और बाउंड्रीवाल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। विधायक जयंत मलैया ने भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की सराहना की और इसे ग्रामीणों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत मलैया ने कहा, जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य जारी है। दमोह जिला अस्पताल में 15 दिन बाद 50 बिस्तरों वाला इमरजेंसी वार्ड शुरू होने जा रहा है। वहीं, 100 बिस्तर के इमरजेंसी वार्ड की स्वीकृति भी मिल चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में चार नए उप-स्वास्थ्य केंद्र भी बनाए जा रहे हैं। विधायक श्री मलैया ने इस अवसर पर अभाना अस्पताल परिसर में पौधारोपण कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। जिला पंचायत अध्यक्षप रंजीता गौरव पटेल ने कहा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं। आज अभाना जैसे ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण विकसित भारत के संकल्प की दिशा में एक बड़ा कदम है। सभी नागरिक इस परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत अभाना के सरपंच गोविंद सिंह, रमन खत्री, मनीष तिवारी, मोंटी रैकवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# आचार्य सौभाग्य सागर जी का अवतरण दिवस मनाया




**दमोह।** आचार्य सौभाग्य सागर जे. ई एस इंग्लिश पब्लिक स्कूल में बाल योगी मुनिराज आचार्य सौभाग्य सागर जी का 44वां अवतरण दिवस मानवता महोत्सव के रूप में अयोजित किया गया l जिसमें सर्वप्रथम प्राचार्य नितिन वर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर आरती एवं वंदना की गई। तत्पश्चात शिक्षिका द्वारा आचार्य श्री के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया। इसके उपरांत बच्चों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को मिष्ठान वितरण किया गया । इस अवसर पर शाला द्वारा एक स्वास्थ्य परिक्षण सिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कुणाल जैन द्वारा बच्चों के दांतों की जांच की गई और उचित परामर्श दिया गया l इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र- छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे ।

# कार्तिक पूर्णिमा पर दिव्य श्रृंगार

## श्रद्धालुओं ने किए अलौकिक दर्शन



**बनवार।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री देव जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार और पारंपरिक कुष्मांडा आरती का आयोजन श्रद्धा और आस्था के वातावरण में संपन्न हुआ देव दीपावली के इस अवसर पर मंदिर प्रांगण दीपों की रौशनी से जगमगा उठा जहां हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के त्रिपुरारी रूप के दर्शन कर पुण्यलाभ अर्जित किया।

### त्रिपुरासुर वध की गाथा से जुड़ी देव दीपावली

मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक श्री राम कृपाल पाठक ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध कर देवताओं को आतंक से मुक्त किया था इसी विजय दिवस को देवताओं ने देव दीपावली के रूप में मनाया और भगवान विष्णु ने शिव को त्रिपुरारी नाम से अलंकृत किया कहा जाता है कि जब देवता त्रिपुरासुर का कटा हुआ सिर लेकर भगवान शिव के पास पहुंचे तब उन्होंने आरती उतारी यही परंपरा कालांतर में कुष्मांडा आरती के रूप में प्रसिद्ध हुई।

### जागेश्वर धाम में निभाई जाती है प्राचीन परंपरा

जागेश्वर नाथ धाम में यह परंपरा वर्ष में केवल एक बार कार्तिक पूर्णिमा की संध्या पर निभाई जाती है इस अवसर पर भगवान महादेव का अलौकिक श्रृंगार किया जाता है जिसमें प्राकृतिक फूल चंदन भस्म और पारंपरिक आभूषणों से उन्हें सजाया जाता है श्रृंगार उपरांत भक्तगण कुष्मांडा आरती का गायन करते हैं और भगवान का जलाभिषेक कर दीपदान करते हैं श्रद्धालुओं का कहना था कि कुष्मांडा आरती के दर्शन से सभी पापों का नाश होता है और मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं।

### धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

देव दीपावली के उपलक्ष्य में बांदकपुर स्थित इस प्राचीन मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही संध्या के समय आरती और दीपोत्सव के दौरान मंदिर परिसर दीपमालाओं से जगमगा उठा हर हर महादेव और त्रिपुरारी शिव शंकर की जय के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया स्थानीय पुजारी समिति ने बताया कि कुष्मांडा आरती जागेश्वर धाम की अनूठी और विशिष्ट परंपरा है जो त्रिपुरासुर वध के प्रतीक रूप में भगवान शिव के पराक्रम और देवताओं की भक्ति को दर्शाती है। कार्तिक पूर्णिमा को भगवान शिव ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध किया था इस दिन देवता दीप प्रज्वलित कर त्रिपुरारी शिव की आराधना करते हैं जागेश्वर नाथ धाम में इसी परंपरा को कुष्मांडा आरती के रूप में जीवंत रखा गया है।

# जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम विजय सागर में पूर्ण शराबबंदी



**जबेरा।** जबेरा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत विजय सागर के सरपंच ने ग्राम सभा बुलाकर ग्राम वासियों एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के सहयोग से पूर्ण शराबबंदी की बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाओं बच्चों एवं बड़े बुजुर्गों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव में कोई भी व्यक्ति शराब नहीं बेचेगा एवं शराब पीकर कोई भी गाली गलौज नहीं करेगा। अगर कोई ऐसा करता है तो पंचायत उस पर कठोर कार्रवाई करेगी एवं पुलिस से भी कार्रवाई करवाएगी। बैठक में ग्राम पंचायत के सरपंच राहुल यादव, भगवती मानव कल्याण संगठन की संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह, सड़क हरदुआ सरपंच मिट्ठु लाल सेन, किसान मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष प्रसाद प्रकाश सिंह धुर्वे, सेक्टर प्रभारी सुखदेव सिंह, लक्ष्मण सिंह, दमोह से पन्नालाल राय, कंछेदी सिंह, राघवेंद्र राठौर, हरिराम यादव, कोमल यादव, लंबरदार पप्पू यादव तुलसी यादव नरेंद्र सिंह मुन्ना सिंह की उपस्थिति रही शराब बंद होने से गांव में खुशहाली छा गई सभी के चेहरे पर खुशी की लहर आ गई माताएं बहनें बहुत प्रसन्न नजर आयी सभी ने शराब बंदी का हार्दिक स्वागत किया।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**हिंडोरिया।** ठकरास मोहल्ला में कलश यात्रा निकालकर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। इसके पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र, मुकरबा मोहल्ला, खइया मोहल्ला से होती हुई ठकरास मोहल्ला पहुंची। जहां पर कल स्थापना और देव आवाहन के बाद कथा का शुभारंभ किया गया। कथावाचक पंडित भरत द्विवेदी ने कहा कि जहां भी भागवत कथा होती है इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने आगे कहा की कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। इस दौरान यजमान तखत सिंह बगिया वाले, नारायण सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# विधायक ने निर्माण कार्य का किया उद्घाटन



**हटा।** पुलिस थाना मंदिर प्रांगण में विराजमान कौशलेंद्र सरकार के मंदिर में विधायक उमा देवी खटीक द्वारा विधायक निधि से कराए निर्माण कार्य का बुधवार को मंदिर कमेटी के सदस्यों एवं नगर के गणमान्य जनो की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर कमेटी के व्यवस्थापक संजय सिंह राजपूत थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विधायक द्वारा भगवान कौशलेंद्र सरकार एवं राम भक्त हनुमान जी का पूजन अर्चन कर किया। इस दौरान विधायक उमादेवी खटीक ने कहा कि हमारे द्वारा विधायक निधि से विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश मंदिरों में विकास के कार्य हेतु राशि प्रदान की गई है और आगे भी मंदिरों में निर्माण कार्य कराए जाएंगे पुलिस थाना मंदिर में कमेटी के सदस्यों द्वारा गिरिल टाइल्स एवं अन्य सौंदर्यकरण कार्य कराए जाने की बात कहीं जाने पर तुरंत ही एक लाख रुपए की राशि प्रदान की गई थी जिस राशि से कमेटी द्वारा निर्माण कार्य कराया गया है जिसका उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला है। कार्यक्रम के दौरान डॉ संजयसिंह राजपूत भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा सोमिल सिंह हजारी, मयंक खटीक हरिशंकर साहू, रमाकांत सराफ, मयंक पप्पू खटीक, गुड्डू गुप्ता, नारायण तंतुवाय, भोले ताम्रकार, बल्लू साहू अन्नू गुप्ता, गोपाल विश्वकर्मा, ब्रजेश विश्वकर्मा, देवेंद्र तंतुवाय, राजेश सेन, इमरत प्रजापति, गुमान सिंह सहित मंदिर कमेटी एवं रामायण मंडल के सभी सदस्यों की विशेष उपस्थित रही।

# किराना दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा दमोह शहर स्थित विभिन्न किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यवाही में एसपीएम नगर स्थित बाबा माधव शाह प्रोविजंस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर से मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित कंपनी पैक्ड कच्ची घानी सरसों तेल के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इसी तरह सिंधी कैंप स्थित फेरुमल जसूजा कनफेक्शनरी का निरीक्षण करके प्रिया ब्रांड नमकीन के नमूने जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# श्री भोंदला धाम में शुरू हुआ अखंड रामायण पाठ



**हिंडोरिया।** पहाड़ी पर स्थित श्री भोंदला बाबा धाम मंदिर परिसर में 24 घंटे के लिए अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। लोग बारी बारी से पाठ में भाग ले रहे हैं। पाठ का आरंभ सुबह मंगल ध्वनि, शंखनाद और वैदिक मंत्रोच्चार से किया गया। मानस पाठ की गूंज से क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण हो गया है। पाठ आयोजक सत्यनारायण नेमा ने बताया कि इस पाठ का उद्देश्य श्री भोंदला बाबा दरबार एवं मेले में आ रहे भक्तों की सुख समृद्धि और मंगल कामना के लिए इसका आयोजन किया जा रहा है। करण बाबा ने बताया की रामायण पाठ करने वालों की विनती भगवान शिव और भगवान राम सुनते हैं और उनकी सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। पाठ करने से सकारात्मक ऊर्जा पैदा होती है और नकारात्मक शक्तियों को दूर भागती है। जिससे क्षेत्र में पवित्र और दिव्य वातावरण बनता है। उक्त अवसर पर अनेक लोग मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा की कलश यात्रा निकाली



**नरसिंहगढ़।** ग्राम नरसिंहगढ़ में श्री मद भागवत महापुराण कथा के आयोजन का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा स्थल से प्रारंभ होकर ग्राम नरसिंहगढ़ के मुख्य मार्ग से होते हुए श्री कृष्ण मंदिर, श्री राम मंदिर, माता किले वाली से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। कथा व्यास आचार्य श्री मृदुल शास्त्री जी महाराज के पावन मुखरा बिंद से 2:00 बजे से कथा प्रारंभ होगी व हरि इच्छा तक चलेगी। सभी भक्तगढ़ कथा श्रवण करने अवश्य पहुंचे। कलश यात्रा में ग्राम की सभी महिलाओं ने भाग लिया। कथा श्रोता ममता गुड्डू यादव एवं माताएं बहनें एवं समस्त भक्तगणों की उपस्थिति रही।

# चिरौला असाटी समाज द्वारा दीपावली मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले के प्रसिद्ध भटपुरा चिरौला श्री हनुमान मंदिर परिसर में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर चिरौला असाटी समाज द्वारा प्रथम बार दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय असाटी समाज बटियागढ़, फुटेरा कला, चिरौला, आलमपुर, बकायन और नरसिंहगढ़ क्षेत्र के लगभग 200 समाजजन सम्मिलित हुए। समारोह में अतिथियों ने एकता, संस्कृति और सामाजिक सहयोग की सराहना की.मुख्य अतिथि के रूप में युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष असाटी समाज अंकुर असाटी बल्देवगढ़ उपस्थित रहे.विशिष्ट अतिथि कौशल प्रसाद ममरखा, दामोदर प्रसाद फुटेरा, चंपालाल असाटी फुटेरा, सुरेश असाटी पूर्व अध्यक्ष बटियागढ़,राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र असाटी, श्रीमती विद्या असाटी, दमोह असाटी समाज अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, युवा अध्यक्ष विनय असाटी ,महिला अध्यक्ष नेहा असाटी, सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम में संस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समाज के वरिष्ठ नागरिकों (75 वर्ष से अधिक आयु) को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया. इसी क्रम में शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए कक्षा 10वीं में फुटेरा के क्रिस असाटी, चिरौला के आदित्य असाटी तथा कक्षा 12वीं में फुटेरा की खुशी असाटी और बटियागढ़ के आशुतोष असाटी को शील्ड प्रदान की गई। क्षेत्र की विशेष उपलब्धि के लिए डॉ. बी.के. असाटी (प्रमुख उपसंचालक, पशुपालन व डेयरी विभाग) को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बटियागढ़ असाटी समाज की तीनों समितियों के अध्यक्षों सहित प्रमोद असाटी (शिक्षक), दिलीप असाटी (शिक्षक), प्रदीप असाटी, बबलू असाटी फुटेरा, दुर्गा प्रसाद, मुन्नालाल, शिव शंकर, प्रमोद, पप्पू, आशीष असाटी चिरोला का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन बसंत गुप्ता ने किया और आभार प्रमोद असाटी चिरौला ने व्यक्त किया।

# प्रणामी संप्रदाय ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



प्रणामी संप्रदाय के द्वारा सुबह खिरका मोहल्ला के प्राणनाथ स्वामी मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें पवित्र ग्रंथ को सिर पर रख कर नगर भ्रमण किया गया। यात्रा का जगह जगह लोगों द्वारा स्वागत किया गया। शोभायात्रा मुख्य बाजार क्षेत्र से अंबेडकर वार्ड, थाना मोहल्ला से होती हुई मंदिर परिसर पहुंची जहां पर इसका समापन किया गया। शोभायात्रा के दौरान बच्चियां अपने सिरों पर कलश लेकर आगे आगे चल रही थी। वहीं दूसरी ओर महिलाएं भजन कीर्तन गा रही थी। शोभायात्रा के दौरान श्री स्वरूप साहेब ग्रन्थ को सर पर रखकर चल रहे थे। इस ग्रन्थ को भगवान का स्वरूप मानकर पूजा जाता है। संप्रदाय का यह पवित्रतम ग्रन्थ है। जिसे परमात्मा की वाणी को संकलित किया गया है नारायण दादा, शिक्षक संतोष अहिरवाल ने बताया कि प्रणामी संप्रदाय की महिलाओं के द्वारा पूरे माह भगवान प्राणनाथ जी की विशेष पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर की परिक्रमा की जाती है। जिसका समापन कार्तिक पूर्णिमा के दिन होता है। संप्रदाय के द्वारा प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम मनाया जाता है। शाम को विशेष पूजा अर्चना के साथ भंडारा कार्यक्रम किया गया। उक्त अवसर पर राजेश अहिरवार, श्यामलाल गोविंद अहिरवाल, कालूराम अहिरवाल, पंडा गंगाराम, दुक्खी बब्बा, नन्नू, गुलाब, रमेश ठेकेदार , बृजेश सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# आदिवासी बाहुल्य ग्राम चौरई में रोजगार मेला का आयोजन

**जबेरा।** जिला कलेक्टर के निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने हेतु रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले आदिवासी बाहुल्य ग्राम चौरई में आज 07 नवम्बर 2025 दिन शुक्रवार को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। जिसमे शिवशक्ति वायोटेक प्रा. लिमिटेड जबलपुर और वर्धमान यानर्स टेक्सटाइल मिल मंडीदीप के द्वारा युवक युवतियों को मध्यप्रदेश में ही रोजगार दिया जायेगा। जिससे वह अपने प्रदेश में ही आजीविका का साधना जुटा सके। उक्त दोनों कंपनियों के द्वारा मासिक वेतन,8 घंटे कार्य की सुविधा और मेडिकल सहायता के अलावा ईपीएफ की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

### संबंधित कर्मचारी व अधिकारियों पर कार्यवाही को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# बीएलओ शिक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत से शिक्षकों में रोष, ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

संयुक्त मोर्चा शासकीय अधिकारी कर्मचारी संघ ने गुरूवार को बडे ही रोष के साथ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सौरभ गंधर्व तेंदूखेड़ा को संवेदनशील निर्णय, दोषी कर्मचारियों पर कार्यवाही तथा शिक्षक वर्ग को बीएलओ कार्य से मुक्त बीएलओ ड्यूटी से संबंधित शिक्षक साथी श्यामसुंदर शर्मा की मृत्य एवं अन्य दुर्घटनाओं के किए जाने संबंधी कई मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा हैं। साथ ही श्याम सुंदर शर्मा को न्याय दो, बीएलओ का बीमा करो जैसे नारे तहसील परिसर में लगाएं।

शिक्षकों ने बताया कि निर्वाचन आयोग दवारा संचालित एसआईआर कार्य हेतु दुखद घटनाओं ने शिक्षक समाज को गहन पीडा और चिंता में डाल दिया है। शिक्षकों को बीएलओ के रूप में नियुक्त किया गया है। किंतु इस प्रक्रिया में घटित कुछ गंभीर एवं मंगलवार को बीएलओ कार्य से लौटते समय दो शासकीय शिक्षकों के साथ दुर्घटनाएँ घटित हुई हैं। श्यामसुंदर शर्मा, शासकीय शिक्षक एवं बीएलओ जो कार्य कर लौट रहे थे. मार्ग में सड़क दुर्घटना में असमय मृत्यु को प्राप्त हुए। रमेश विश्वकर्मा, शासकीय शिक्षक बीएलओ कार्य से लौटते समय तारादेही मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त होकर गंभीर रूप से घायल हुए तथा उन्हें जबलपुर रेफर किया गया। शिक्षकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि श्यामसुंदर शर्मा जी को नियम-विरुद्ध रूप से बीएलओ नियुक्त किया गया था। उनकी पदस्थ मूल शाला से बीएलओ के रूप में बनाए गए मतदान केंद्र की दूरी लगभग 3 से 5 किलोमीटर है, बकि उसी ग्राम में दो अन्य शिक्षक पदस्थ हैं, जिन्हें नियुक्त किया जाना नियमानुसार अधिक उचित था। फिर भी शर्मा जी को अनावश्यक रूप से दूरस्थ केंद्र पर लगाया गया, जो नियम एवं मानवीय दृष्टि दोनों से अनुचित था। श्री शर्मा लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे, उन्हें मोबाइल संचालन का पर्याप्त ज्ञान नहीं था, और वे मोटरसाइकिल भी सुचारु रूप से नहीं चला पाते थे। उन्होंने इन सभी बातों को संबंधित कार्यालयीन अधिकारी एवं कर्मचारियों के समक्ष विनम्रतापूर्वक रखा, किंतु उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। इसके विपरीत, कार्यालय में उपस्थित कर्मचारियों द्वारा उनकी बात सुनने के स्थान पर उन्हें सस्पेंड करवाने जैसी बातें कही गई। जिससे वे मानसिक रूप से अत्यंत प्रताड़ित और तनावग्रस्त हो गए। इसका साक्ष्य रिकॉर्डिंग के रूप में उपलब्ध है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर प्रस्तुत किया जा सकता है। स्पष्ट है कि इन प्रतिकूल एवं अमानवीय परिस्थितियों में कार्य करते हुए श्री शर्मा पर मानसिक दबाव बढ़ता गया और इसी के परिणामस्वरूप यह दुःखद दुर्घटना घटित हुई। शिक्षकों ने मांग की हैं कि श्यामसुंदर शर्मा (मृतक) एवं रमेश विश्वकर्मा को ड्यूटी पर मानते हुए शासन द्वारा निर्धारित सभी शासकीय लाभ, अनुग्रह राशि बीमा एवं अन्य आर्थिक सहायता शीघ्र स्वीकृत की जाए। मृतक शिक्षक के परिजन को अनुकम्पा नियुक्ति तत्काल प्रदान की जाए। श्री शर्मा की नियम विरुदध बीएलओ नियुक्ति एवं उनके साथ हुए मानसिक उत्पीडन के लिए उत्तरदायी संबंधित कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारियों पर तत्काल निलंबन एवं विभागीय जाँच की जाए। बीएलओ कार्य में संलग्न शिक्षकों को भी निर्वाचन कार्य में लगे अन्य कर्मचारियों के समान सभी शासकीय लाभ एवं सुरक्षा प्रावधान प्रदान किए जाएँ। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु शिक्षक वर्ग को बीएलओ कार्य से पूर्णतः मुक्त किया जाए, अथवा उन्हें केवल उनके विद्यालय से समीपस्थ केंद्रों पर ही लगाया जाए। बीएलओ कार्य हेतु स्थानीय कर्मियों, आँगनवाडी कार्यकर्ताओं या अन्य विभागीय स्टाफ का उपयोग किया जाए, ताकि शिक्षण कार्य एवं शिक्षक सुरक्षा दोनों सुनिश्चित रहें। शिक्षक समाज सदैव अपने शैक्षिक कर्तव्यों एवं लोकतांत्रिक उत्तरदायित्वों के प्रति समर्पित रहा है. परंतु यह सहयोग तभी सार्थक है जब वह मानवीय मर्यादा, सुरक्षा और सम्मान के साथ हो। उपरोक्त घटनाओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से लेते हुए तत्काल जाँच, कार्यवाही एवं दिशा-निर्देश जारी किए जाएँ, ताकि भविष्य में किसी भी शिक्षक को इस प्रकार की त्रासदी का सामना न करना पड़े।

ज्ञापन देने वालों में शिक्षक गुड्डा सिंह ठाकुर, मनोहर सिंह ठाकुर, महेंद्र दीक्षित, ब्रजराज परिहार, दौलत सिंह ठाकुर, मुंशी सिंह ठाकुर, गणेश राज, बलराम यादव, विशाल परस्ते, हरि साहू, शंकर लाल झारिया, चेतराम यादव, महेश सेन, जितेंद्र बागवार, राजेश शर्मा, राजेश लोधी, कुंदन, दिलीप द्विवेदी, कमल सिंह, देवी शंकर यादव, द्वारका साहू, माधव लोधी, जितेंद्र नामदेव के साथ अधिक संख्या में शिक्षकों की उपस्थिति रही।



# श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली



**दमोह।** अष्टानिका महापर्व के अवसर पर देश दुनिया के जिनालय्यों से लेकर नंदीश्वर दीप में भी सिध्दों की आराधना की गई। इस अवसर पर नगर के सभी जैन मंदिरों में श्री नंदीश्वर पूजन विधान का आठ दिनों तक आयोजन किया गया वही श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर एवं सिंघई मंदिर जी मे श्री 1008 सिध्द चक्र महामंडल विधान का भक्ति मय महा आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुवार को प्रातः बेला में दोनों मन्दिर जी मे श्री जी के अभिषेक शांति धारा पूजन पश्चात विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें विश्व कल्याण की भावना से श्रावक जनों के द्वारा हवन किया गया। इस अवसर पर नन्हे मंदिर जी में ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया के निर्देशन में 126 शांति धारा एक साथ संपन्न हुई। इसके बाद पंडित सुरेश शास्त्री के निर्देशन में विश्व शांति महायज्ञ संपन्न हुआ। तत्पश्चात समवशरण से श्री जी को वेदिका जी में स्थापित किया गया तथा मंगल कलशों का वितरण 9 सौभाग्यशाली परिवारों को किया गया। समापन की बेला में सभी मुख्य पात्रों को मंदिर समिति की ओर से सम्मान पत्रक भेंट करते हुए सभी के पुण्य की अनुमोदना की गई। तत्पश्चात सिटी नल से श्रीजी की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई जिसमें बैंड बाजा के साथ धर्म ध्वज लेकर अश्व सवार सबसे आगे चल रहे थे। दोनों मंदिरों में विधान अवसर पर सौदर्म इंद्र आदि मुख्य पात्र बने सभी श्रावक जन सपरिवार बग्गियों में सवार होकर चल रहे थे। श्री जी के विमान को पीत बस्त्रो में श्रावक जन हाथों से खींचते हुए चल रहे थे। सिटी नल से पुराना थाना, टाकीज तिराहा, सराफा, घण्टाघर, पलन्दी मंदिर, धगट चौराहा, चौधरी मंदिर बड़ा मंदिर होते हुए विमान शोभायात्रा सिटी नल पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर जगह-जगह रंगोली सजाकर अगवानी करते हुए श्रीजी की आरती की गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं बच्चों सहित सकल जैन समाज की सहभागिता रही।

# स्कूल की दो बच्चियों की तबियत बिगड़ी,इलाजरत

### पानी में जहर मिलाने की आशंका, कलेक्टर ने दिये जांच के निर्देश

**दमोह।** टौरी मिडिल स्कूल में 2 बच्चियों की तबियत बिगड़ने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि मध्यान्ह भोजन के बाद जब बच्चियों ने अपनी बोतल का पानी पिया, तो उन्हें उल्टियां होने लगीं और तबीयत गंभीर हो गई। जानकारी के अनुसार प्रभावित ग्राम टौरी की ही निवासी हैं। शिक्षिका यशवंती मोवे ने बताया कि बच्चियों को प्राथमिक उपचार के बाद शाम करीब 6 बजे जिला अस्पताल लाया गया। शिक्षिका ने आरोप लगाया कि किसी ने षड्यंत्रपूर्वक बच्चियों की बोतल में जहरीले पदार्थ या गोली मिला दी है ऐसी आशंका है। उन्होंने स्कूल के प्राचार्य और ग्राम सरपंच पर मिलीभगत के आरोप भी लगाए हैं। जहर मिलाने की आशंका मामले की गंभीरता को देखते हुए दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बच्चियों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फिलहाल दोनों बच्चियों की स्थिति नियंत्रण में है। कलेक्टर ने डीपीसी को टीम सहित मौके पर भेजने और अगले 48 घंटे में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि घटना में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस और शिक्षा विभाग की टीम मामले की जांच में जुट गई है।

# अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटा पुराने टायरों से लोड ट्रक,चालक घायल

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा पाटन मार्ग पर सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं इस मार्ग पर सबसे ज्यादा हादसों का कारण अंधे मोड़ बने हुए हैं इसके साथ ही मवेशी और जंगली जानवर फिर भी शासन प्रशासन के अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं पाटन तेंदूखेड़ा मार्ग पर 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि फिर एक बार इस मार्ग अंधे मोड़ पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया जिसमें चालक घायल हो गया है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार ट्रक क्रमांक यूपी 91 एटी 5952 जो कि जबलपुर से पुराने टायरों को भरकर यूपी कानपुर जा रहा था लेकिन जबलपुर मार्ग पर तेंदूखेड़ा मुख्यालय से दो किमी दूर झरौली के पुल के समीप अंधे मोड़ पर चालक को नीद का झोंका आ गया और ट्रक अपनी पट्टी छोड़कर सड़क किनारे पलट गई घटना सुबह चार बजे की बताई जा रही है जहां ट्रक चालक रात ढाई बजे जबलपुर से कानपुर यूपी के लिए निकला था लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गया ट्रक चालक राजेन्द्र उर्फ योगेन्द्र पिता नरेश रानी निवासी कबरई थाना महोबा यूपी ने बताया कि जैसे ही मैं झरौली के पास पहुंचा तो अचानक से मुझे नीद का आ और ट्रक अनियंत्रित हो गया ट्रक को कंट्रोल करने की कोशिश में ट्रक अपनी साइड छोड़कर दूसरी साइड मे खेत किनारे जाकर पलट गया हादसे के बाद चालक घायल अवस्था में ट्रक में फंसा रहा जिसके बाद घटना की सूचना राहगीरों और गांव के लोगों ने पुलिस को दी जिसके बाद चालक को ट्रक से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए भेजा गया तेंदूखेड़ा पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही। इस संबंध थाना प्रभारी नीतेश जैन ने बताया कि घटना सुबह घटित हुई थी सूचना मिलते ही स्टाफ मौके पर पहुंच गया था ट्रक पुराने टायरों को लेकर जबलपुर से कानपुर जा रहा था मामले की जांच की जा रही हादसे का कारण मोड़ पर नीद का झोंका लगने से हुआ है।



# भगवान झूलेलाल पर टिप्पणी से भड़का सिंधी समाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सिंधी समाज पंचायत जिला दमोह ने देश के प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा है, जिसमें छत्तीसगढ़ क्रांति सेना प्रमुख अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल और सिंधी समाज के खिलाफ की गई अस्वीकार्य टिप्पणी पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। अमित बघेल ने एक पत्रकार को दिए अपने बयान में सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल जी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की और सिंधी समाज को पाकिस्तानी कहकर संबोधित किया। इस टिप्पणी से सिंधी समाज की धार्मिक आस्था को गंभीर ठेस पहुंची है और समाज का घोर अपमान हुआ है। सिंधी समाज की प्रत्येक सामाजिक इकाई में भारी आक्रोश व्याप्त है और समाज के आराध्य इष्ट देव भगवान झूलेलाल जी के प्रति आस्था और उनके अनुयायियों को गहरी चोट पहुंची है। दमोह सिंधी समाज पंचायत द्वारा अंबेडकर चौक पर पुतला दहन कर अमित बघेल के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है, जिसमें उनके बयान की निंदा की जाए और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। अमित बघेल से माफी मांगने की भी मांग की गई है। दमोह सिंधी समाज के अध्यक्ष हरगोविंद लालवानी पूर्व अध्यक्ष अनिल कोटवानी, उपाध्यक्ष मुकेश वाधवानी, मनोज अहूजा, सचिव सुनील मखीजा, लव पोपटानी एवं समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर सिंधी समाज ने आक्रोश रैली निकाली और पुलिस प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अमित बघेल की टिप्पणी से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और समाज की आस्था और श्रद्धा को ठेस पहुंची है. समाज के लोग उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं और चेतावनी दे रहे हैं कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# जिओ एफओसी एक्सचेंज से 5G डिवाइस चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

सिंग्रामपुर क्षेत्र के जिओ उपभोक्ता दो दिनों भारी संकट का सामना कर रहे हैं। सिंग्रामपुर मे दिनों पूर्व एफ ओ सी एक्सचेंज से दिन दहाड़े अज्ञात चोर द्वारा एक्सचेंज से 5G डिवाइस चोरी कर लिया गया है जिसकी सूचना जियो नेटवर्क के अधिकारियों द्वारा पुलिस को दे दी गई है। रिलायंस जिओ की सभी सेवाएं — 5G, जिओ फाइबर — पूरी तरह बंद हैं, जिससे मोबाइल नेटवर्क ,बैंकिंग, इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं पर पूरी तरह विराम लग गया है। 5G नेटवर्क ब्लैकआउट से जीवन अस्त-व्यस्त हो गई। जिओ की सभी मोबाइल एवं ब्रॉडबैंड सेवाएं ठप हैं कस्टमर केयर से उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही लगातार शिकायतों के बावजूद जिओ कस्टमर केयर से कोई जवाब नहीं मिला है। व्यावसायिक नुकसान ऑनलाइन व्यापार, UPI भुगतान और डिजिटल लेनदेन पूरी तरह ठप हो गया है। छात्रों की ऑनलाइन कक्षाएं, स्टडी मटीरियल और प्रोजेक्ट कार्य भी बाधित हो गए हैं। स्थानीय निवासी मोंटू सेन, जो सिंग्रामपुर में चाय की दुकान चलाते हैं, ने बताया दो दिन से 5G नेटवर्क बंद होने के कारण मेरा काम पूरी तरह प्रभावित हुआ है। ग्राहक UPI से भुगतान नहीं कर पा रहे, और रोज का बिजनेस लगभग 50% तक गिर गया है।

**दो दिन से 4G डेटा होने से आसपास के कई हजारों उपभोक्ता परेशान, सिंग्रामपुर से लगे ग्रामों में नेटवर्क की सेवाएं ठप**

# खेत में तब्दील हुआ सेवा सहकारी समिति कार्यालय



**सहकारिता विभाग की उदासीनता के चलते क्षतिग्रस्त हो रही करोड़ों की बिल्डिंग**

**गैसाबाद।** इसे शासन प्रशासन की अनदेखी कहें या कर्मचारियों की लापरवाही की करोड़ों रुपए की लागत से बनी शासकीय बिल्डिंग क्षतिग्रस्त होकर जमींदोज होने की कगार तक पहुंच गई है जिसकी और किसी का ध्यान नहीं है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम गैसाबाद दमोह पन्ना मेन रोड किनारे बनी सेवा सहकारी समिति कोऑपरेटिव बैंक की बड़ी बिल्डिंग जिसमें ऑफिस गोदाम एवं अन्य कमरे बने हुए हैं जो देख रेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो चले हैं। गौरतलब है कि किसी समय यह बैंक ग्राम की बहुत बड़ी ऑफिस एवं किसानों की जन सुविधा का केंद्र हुआ करती थी इसी बैंक से किसानों को खाद बीज एवं किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण उपलब्ध होता था एवं ग्रामीण जनों को गेहूं चावल मिट्टी का तेल वितरण किया जाता था। लेकिन इसे ग्राम गैसाबाद का दुर्भाग्य कहें या स्थानीय नेताओं और जनप्रतिनिधियों की बिफलता की ग्राम से कोऑपरेटिव बैंक समाप्त कर के हटा कार्यालय में सममिट कर के ग्राम से ब्रांच हटा दी गई। ग्राम से बैंक की शाखा चली जाने से यह करोड़ की बिल्डिंग अनुपयोगी साबित हो रही है बैंक के अंदर बड़ी मात्रा में खरपतवार एवं कूड़ा कचरा के ढेर साफ देखे जा सकते है। शासकीय संपत्ति की रक्षा और सुरक्षा की ओर किसी भी अधिकारी कर्मचारी का ध्यान नहीं जा रहा है। ग्राम से सेवा सहकारी समिति की शाखा बंद होने से बैंक उपभोक्ताओं को बहुत परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है। समिति में कुछ शेष बचे सेल्समैन भी अपनी मनमर्जी से दुकानों का संचालन करते हुए देखे जा सकते हैं ग्रामीण जनों ने शासन प्रशासन और क्षेत्र के चुने हुए जनप्रतिनिधियों से ग्राम में सेवा सहकारी समिति की शाखा को पुनः स्थापित कीये जाने की मांग उठाते हुए क्षतिग्रस्त हो रही शासकीय बिल्डिंग की रिपेयरिंग कर बिल्डिंग का सुधार कराये जाने की मांग की है।

# आनंदधाम में भव्य आयोजन को लेकर सौंपे गये दायित्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा के आनंदधाम पुरेनहाउ में दंडी स्वामी श्री नर्मदानंद जी सरस्वती महाराज के सानिध्य में श्री शतचंडी महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा और संत समागम का भव्य आयोजन दिनांक 25 नवंबर से 3 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है। जिसकी तैयारीयों को लेकर अंतिम रूप देने हेतु दंडी स्वामी श्री नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज के मार्गदर्शन में गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी से सुझाव और मार्गदर्शन लेते हुए समितियां गठित की गई एवं गठित समितियों को दायित्व सौंपे गए। जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने सौंपे गए दायित्व का पूरे समर्पण भाव से निर्वहन कर इस महायज्ञ को भव्य रूप से संपन्न कराने की बात कही। इस दौरान श्री दंडी स्वामी नर्मदानंद जी सरस्वती महाराज ने बताया कि मां भगवती की असीम कृपा से आनंद धाम में दिनांक 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक श्री शतचंडी श्रीमद् भागवत कथा एवं संत समागम का भव्य आयोजन होने जा रहा है इसकी तैयारीयों को अंतिम रूप देने हेतु आज समितियां गठित कर दायित्व सौंप गए हैं और मुझे विश्वास है कि सभी भक्तगण माता भगवती की सेवा में पूरे मनोभाव से कार्य करते हुए इस महायज्ञ को भव्य प्रदान करते हुए ऐतिहासिक मनाएंगे। इस अवसर पर रूपेश सेन, गोविंद तिवारी, देवी प्रसाद शर्मा, अनिल तिवारी, चंद्रिक दुबे, बलराम अवस्थी, नीरज जायसवाल, जुगल शर्मा, बंटी दुबे सहारा ठाकुर, सुरजीत सिंह, सत्येंद्र सिंह, योगेश दुबे, अवध बिहारी तिवारी, दीपक दुबे, मोटू बाजपेई सेहत आने को भक्ति गणो की उपस्थिति रही।

# नेमा समाज द्वारा आज श्री भौंदला बाबा को ध्वज अर्पित किया जायेगा



**हिंडोरिया।** नगर की समीप पहाड़ी पर विराजमान नेमा समाज के आराध्य देव भौंदला बाबा को आज 07 नवंबर 2025 को सागर नेमा समाज द्वारा ध्वज अर्पित किया जायेगा। नेमा समाज सत्यनारायण, श्याम सुंदर, कल्लू नेमा, रघुनंदन आदि ने बताया कि श्री भौंदला बाबा का 48 वॉ ध्वजा रोहण समारोह कार्यक्रम सागर नेमा समाज द्वारा 07 नवंबर 2025 दिन शुक्रवार को किया जाएगा। जिसमें भूमि पूजन सांसद राहुल सिंह द्वारा किया जायेगा। सुबह 8:00 बजे से संकीर्तन, भव्य शोभायात्रा एवं 10 बजे से ध्वजा रोहण हवन- पूजन, आरती और दोपहर 12:00 बजे से महाप्रसादी भंडारा एवं इसके बाद 3:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

# कलेक्टर ने शिक्षक के घर पहुंचकर हर संभव मदद का दिया आश्वासन

**तेंदूखेड़ा।** जिला कलेक्टर सुधीर कोचर गुरूवार शाम को ग्राम हिनौती में शिक्षक श्याम सुंदर शर्मा के शोकाकुल परिजनों के पास पहुंचकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की साथ ही परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कलेक्टर सुधीर कोचर ने कहा कि कर्मठ, जुझारू शिक्षक श्यामसुंदर शर्मा की असमय मृत्यु से हम सभी दुखी हैं। परिजनों के सामने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि श्री शर्मा की अनुकंपा नियुक्ति का केस इसी सप्ताह हो जाना चाहिए। इसी महीने के अंदर इनको नियुक्ति के आदेश मिल जाएंगे। अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी हैं जिससे हिट एंड रन केस हमारे पास प्रस्तुत किया जाएं जिसका परीक्षण करके नियमानुसार जो भी सहायता होंगी उपलब्ध कराई जाएंगी। श्री शर्मा की बच्ची अभी सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ रही हैं अगले सत्र में एक्सीलेंस स्कूल में एडमिशन कराया जाएंगा। नेशनल पेंशन स्कीम के तहत केश दर्ज कराकर इनके परिवार को इसी माह पेंशन देने की प्रक्रिया पूरी की जाएं। साथ ही चुनाव आयोग को एक प्रस्ताव भेजा जाएंगा कि श्री शर्मा की मौत बीएलओ प्रशिक्षण के दौरान हुई थी इसलिए अनुग्रह राशि का एक प्रस्ताव आयोग को भेजा जाएंगा। चुनाव के कार्य में सभी की ड्यूटी लगाई जाती हैं संपूर्ण प्रदेश में ड्यूटी लगाई गई हैं। बडी संख्या में शिक्षक इस कार्य को कर रहे हैं, हम सारे लोग परिवार के साथ हैं इसमें किसी की ऐसी मंशा नहीं रहती हैं न ही जानबूझकर किसी की ड्यूटी लगाई जाती हैं। मेरी शर्मा परिवार के साथ गहरी संवेदना हैं।

# 7 वर्षीय बालक की पानी की टंकी में डूबने से मौत

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को 7 वर्षीय एक बालक की पानी की टंकी में डूबने से मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बम्होरी पांजी में 7 वर्ष के बालक अंकित पिता निर्मल पाल की पानी की टंकी में डूबने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया अंकित दोपहर 3.30 बजे स्कूल से वापिस घर आया था और खाना खाकर घर की पीछे बारी में खेलने चला गया, खेलते समय पानी टंकी में कब गिर गया किसी को कोई भनक नहीं लगी। घटना की सूचना शाम 5 बजे लगी जब अंकित की चाची टंकी से पानी निकालने गई। तब अंकित को पानी में डूबा देखा व सूचना परिजनों को दी। परिजन अंकित को स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जॉच में लिया है। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

# कृषि मंडी में किसानों के लिए 5 रूपए में भोजन बंद

**पथरिया-**कृषि विभाग द्वारा कृषि उपज मंडी में अपनी उपज बेचने आए किसानों को शासन द्वारा 5 रूपए में पुड़ी सब्जी मिल सकें इसके लिए केंटीन चालू की जिसकी कृषि उपज मण्डी समिति द्वारा मंडी में किराए से कमरा भी दिया जाता है लेकिन सोचने वाली बात है कि सोयाबीन व मक्का की फसल बेचने सुबह से किसान मंडी में अपने अपने टैक्टर ट्राली लेकर आ रहे हैं लेकिन सुविधा के नाम पर मंडी प्रांगण लगें नलों से पानी नही आ रहा वही किसानों को 5 रूपए में भोजन मिलना भी बंद है ऐसे में शासन द्वारा संचालित योजना का क्या औचित्य हुआ। इस संबंध में एसडीएम/भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी निकेत चौरसिया से बात की तो उनका कहना था कि केंटीन चालू इसलिए नही है कि किसान अपने अपने घर से खाना खाकर आते हैं ऐसे में केंटीन में नही जाते फिर भी दिखवाते है।

### इस्तहार

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष ताम्रकार पिता नन्हेभाई ताम्रकार वार्ड क्रमांक 12 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 990/1 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 990/1 वार्ड क्रमांक 12 श्री नन्हेभाई ताम्रकार पिता श्री राजाराम ताम्रकार का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 06/11/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**